Title: Need to take steps to open a new road between India and Pakistan at Ferozpur border-Laid.

श्री जोरा सिंह मान (फिरोजपुर): भारत-पाक पड़ोसी देश ही नहीं बल्कि आपस में एक दूसरे के हितों से पूरी तरह जुड़े हुए हैं। इसलिए इन दोनों देशों को परस्पर प्रेम और सहयोग से रहना पड़ेगा तभी इन दोनों देशों का विकास हो पायेगा। आधी शताब्दी बीतने के बावजूद पाक नेताओं ने धरातल की सच्चाई से मुंह मोड़ रखा है। दरअसल पाकिस्तान के शासक देश के विकास के काम में बुरी तरह पिछड़े हैं और अब वे अपनी जनता के रोा को भारत के विरुद्ध घृणा पैदा करके शांत रखना चाहते हैं। अतः वे कोशिश में रहते हैं कि भारत के प्रति घृणा और रोा बना रहे। परंतु यह स्थिति भारत के अनुकूल नहीं। इसीलिए भारत के नेताओं ने सदा शांति और सहयोग की बात की है। अभी इतने प्रदूाित माहौल में भी भारत की ओर से अनेकों सौहार्द पैदा करने के प्रयास गत वाों में किए गए हैं।

इसी संदर्भ में मेरा निवेदन है कि फिरोजपुर सीमा पर भी एक और नया मार्ग पाकिस्तान के साथ खोला जाए क्योंकि यह प्रयास भारत और पाकिस्तान के लोगों में व्यापार बढ़ाने में सहायक होगा। दोनों देशों की जनता एक दूसरे के निकट आएगी।